राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 40.00 संख्या 2399
सुपर मैन
सुपर कमाण्डो ध्रुव
राज रजत वर्ष
24 CARAT
By.. अनुपम
007 JAGDISH
Rasheed

जब तक जान है तब तक
मान लो सुपर कमांडो ध्रुव कि तुम एक
मामूली और शौकिया स्तर के क्राइम फाइटर
हो। और हम है तुमसे कई गुना ज्यादा
शक्तिशाली नए जमाने के...

सुपर मैन

कथा
जॉली सिन्हा,
अनुपम सिन्हा

चित्र
अनुपम सिन्हा

इंकिंग
लक्ष्मीन,
विनीत सिद्धार्थ

कलर
साहिल

कैलीग्राफी
हरीश शर्मा
मनोज

सह सम्पादक
मंदार गंगेले

सम्पादक
मनीष गुप्ता

तू हमेशा देर कर देता है। आज तू फिर से स्कूल बस छुड़वाएगा, मुन्नू!
TOUCH
जब स्टॉप पर जल्दी पहुंचो तो बस कभी वक्त पर नहीं आती। पर जिस दिन एक मिनट की भी देर हुई...
...उस दिन बस टाईम पर आकर निकल जाती...
...हैSSS!
सुनसान सड़कें!
इक्के-दुक्के लोग!
बचाओ!! मम्मी!!
और मदद के लिए पुकार सुनने वाला कोई नहीं।
मुसीबत में पड़ने के लिए यह अच्छा समय नहीं था।
मुन्नूSSS!
दीदी, बचाओ!
या...शायद था!

क्योंकि यह वो वक्त था।
जब अपनी रात की गश्त खत्म करके-
अपने घर का रुख करता था-
राज नगर का रखवाला...
सुपर कमांडो ध्रुव।
THANK GOD, आप वक्त पर आ गए, ध्रुव भईया।
बेटे, जरा देखकर चला करो।
देखने की क्या जरूरत है ध्रुव भईया? इस रास्ते को तो मैं अच्छी तरह से जानता हूं। आंखें बंदकर के चल सकता हूं। पर कोई रातों-रात गड्ढा खोद दे, तो मैं क्या करूं?
ठीक है। पर अब आराम से जाना।
तू गड्ढे में बिना गिरे रह नहीं सकता था? आज तो बस छुट्टी ही छुट्टी समझ!
मुन्नू सही कह रहा था। मैं भी रात के दो बजे इस स्पॉट से गुजरा था।
तब तो ये गड्ढा यहां पर नहीं था। चार घंटे में इतना गहरा और फिनिश्ड गड्ढा भला कौन बना सकता है? हमारी नगर पालिका से तो ऐसी उम्मीद करना भी बेकार है।

ऐसे गड्ढे तो कमर्शियल बोरिंग के लिए बनाए जाते हैं। और यहां पर कम से कम बोरिंग तो कोई लगाएगा नहीं। फिर ये क्या रहस्य है?
खैर! फिलहाल तो मैंने गड्ढे को एक कार से ढकवा दिया है। अब आगे की छानबीन का काम मैं सिविल अथॉरिटीज पर छोड़ देता हूं। आखिर ये उनका कार्यक्षेत्र है।
FOR SALE
ध्रुव का ख्याल कभी-कभी ही गलत निकलता था।
एक रात में पंद्रह जगहों पर बोरवेल खुद गए!! कैसे? क्यों?
कैसे तो पता नहीं चला, सर! गड्ढों के आसपास मिट्टी का एक कतरा तक नहीं मिला।
उन इलाकों की पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी का कहना है कि ये गड्ढे दो घंटे से भी कम समय में खोदे गए हैं।
और ये गड्ढे जो पूरे राजनगर में अलग-अलग इलाकों में हैं, उनकी गहराई का पता नहीं चल पा रहा है।
THIS IS IMPOSSIBLE! अब पूरे शहर में पेट्रोलिंग पार्टी के साथ-साथ पुलिस पिकेट भी तैनात करो! आज ही से!!
कमांडोज पुलिस से एक कदम आगे थे।
ये 'सोनार-डेप्थ फाइंडर' कभी गलत नहीं बताता कैप्टेन! हर गड्ढे की चैकिंग मैंने खुद की है।
...और हर गड्ढे की गहराई एकदम एक जैसी है। 2000 मीटर! यानि दो किलोमीटर गहरी।

इतनी गहरी खुदाई तो माइंस में भी नहीं होती!
एक ही रात में ऐसे पंद्रह गड्ढे और मिट्टी का नामोनिशान तक नहीं! अगर ये किसी एक शख्स का काम है...
...तो उस शख्स में जरूर कोई सुपर पॉवर होगी!
"ये संकेत किसी आने वाली मुसीबत की तरफ इशारा कर रहे हैं।"
"राजनगर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखनी होगी"
रशियन पार्टी आ गई है, मिस्टर डायमंड!
WELCOME! WELCOME MR. KHISKOWASKI!
DAMN WELCOME! इस बार तुमने बहुत बड़ा प्रॉमिस किया है, डायमंड! IF YOU FAIL...
डायमंड से तुम बीस सालों से ज्वेल्स डीलिंग कर रहे हो! आज तक मैंने कोई गलत प्रॉमिस किया है?
अरे स्मगलर्स, नेता नहीं होते कि झूठा प्रॉमिस करते रहो, फिर भी कुर्सी पक्की! हमारी दुकान तो एक झूठी प्रॉमिस में बंद हो जाती है।
पहले माल दिखाओ। हम नहीं मानते कि ऐसी कोई चीज हो सकती है।
पहले बताओ कि तुम माल पूरा कैश लाए हो?
लो! खबर लो, अपने आदमी से।
यस बॉस! पैसे हैं। गिने तो नहीं पर पूरे सौ करोड़ लगते हैं।

ठीक है! पैसे को वॉल्ट में रख दे और यहां आ जा!

आओ तुम्हें माल दिखाता हूं! वैसे तुम्हें ये माल बहुत सस्ता मिल रहा है। इसको हथियाने के लिए मुझे बस्तर के जंगलों का एक पूरा कबीला साफ करना पड़ा है।

हमखो टो अभी भी बिलीव नहीं होटा खि ऐसा कोई स्टोन हो सखटा है।

WHAT IS THAT?

THAT IS YOUR...

REALLY! डायमंड कभी-कभी ही सच बोलता है!
पर इस बार ये सच बोल रहा है।
क्योंकि इस रत्न की जरूरत मुझे है! या तो ये अपनी जान बचने की खुशी में पीरू रत्न मुझे अपने आप गिफ्ट कर दे। या फिर सौ करोड़ में मुझे बेच दे!
ब्लैक कैट! चोरों की चोर! तू...तू यहां पर क्यों आई है?
तेरे जैसी टुच्ची चोर के पास सौ करोड़ कहां से आए?
तेरे गोदाम के एक ट्रक में भरे थे! मैंने पूछा किस के हैं? इसने बताया नहीं! मैंने ले लिए!
OH GOD! अरे मेरा पैसा है वो! KILL THIS BLACK CAT, WHO EVER SHE IS!
हम जानते हैं कि तू किसी बीमारी से ग्रस्त है, ब्लैक कैट! ज्यादा देर की उछल कूद तेरे बस की नहीं है।
रत्न तो छोड़, तू, यहां से अपनी जान ले जाए, यही बहुत होगा!

ओफ्! मेरी बीमारी तो वर्ल्ड न्यूज़ बन गई है। वैसे मुझे पता था कि तुम ये जानते हो! इसीलिए मैं किसी को लेकर आई हूं।
डायमंड का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वैसे तू किसे मरवाने ले आई है?
वो रास्ते में कुछ लोग तुम्हारा पता पूछ रहे थे। मैंने कहा मैं उधर ही जा रही हूं, आ जाओ।
O GOD! ये...ये तो वही रत्न वाले कबीले के बचे हुए आदिवासी हैं।
तुझे कैसे पता कि मैं रत्न इनसे लाया हूं?
खबरी मेरे पास भी हैं, डायमंड!
आ जाओ, भाइयों! तुमको बदला लेना है ना। आराम से लो!
मैं पीरू रत्न ले लेती हूं।
तूने अपनी मौत बुला ली है, ब्लैक कैट अब तू बचेगी नहीं।
हम रटन लिए बगैर वापस नहीं जाएगा।
तो रटता रह रटन-रटन!

और तब-तक मैं इसको लेकर बिल्ली-छू हो जाऊंगी!
बड़ाम म म म
आSSS ह!
अSSSS ई या SSS! ये तो खिसकोवस्की का बॉडी गार्ड है।
मेरी बीमारी के कारण मुझ पर किसी भी वार का असर दुगुना होता है। पूरा सिर घूम गया है।
क्रशर की एक बहुत बुरी आदत है। वह मारने वाले की आखिरी ईच्छा जरूर पूरी करता है। तू ये रत्न लेकर जाना चाहती थी न?
ले! जब तू वर्ल्ड से जाएगी तब ये स्टोन तेरे हाथ में होगा!
अरे! ये...ये क्या? मैं एकाएक बेहतर महसूस कर रही हूं!!

सच कहूं तो इससे ज्यादा बेहतर मैंने आज तक महसूस किया ही नहीं।
ये रत्न सचमुच रोग विनाशक है।
चमत्कारी है।
अब ये रत्न मुझसे कभी अलग नहीं होगा। जो इसे मुझसे अलग करने की कोशिश करेगा, उसकी जान मैं उससे अलग कर दूंगी।
ब्लैक कैट का काम तो खत्म हो गया था।
पर किसी और का काम अभी शुरू हो रहा था।
देवता
देवता!

देवता कराला! क्षमा, क्षमा!!
हम इनकी भेंट पीस रत्न नहीं बचा पाए, इसीलिए देवता खुद आए!
ये तो.. उसी मूर्ति जैसा है जिसकी आदिवासी पूजा करते थे।
WHAT IS DEVATA?
हमारी आंखों में झौंकी जाने वाली धूल! जो ब्लैक कैट झौंकना चाहती है! हमें मूर्ख समझती है वह!
समझती है कि किसी को भी देवता का मेकअप करवाके ले आओ, डायमंड थर थर कांपने लगेगा।
भून डालो इसे!

ये... 'देवटा' टो एमेज़िंग है!!
ये देवता नहीं, प्रोफेशनल मैजीशियन है। देवता नाम की कोई चीज नहीं होती, खिसकोवस्की!!
...सिर्फ शैतान नाम की होती है। डेविल!!
फच्च
इस पर तो कोई असर नहीं आऽऽह!
धड़
आर्र्र्रघघघ!
ये कुछ ढूंढ रहा है जो शायद इसे मिला नहीं!
12

कहीं ये...हमारा स्टोन खो तो नहीं ढूंढ रहा है?
जो वो ब्लैक कैट ले गया?
WHAT'S THIS? कैसा ट्रबल में फसा दिया तुमने हम को, डायमंड? हम तुमको छोड़ेगा नहीं।
धड़ाक
पहले ये छोड़ेगा, तब तू पकड़ेगा ना।
ये हमे जिंदा नहीं छोड़ेगा
ईSSSS!
आSSSSS!

हम रुक गए। आह।
हां।
बच गए।
कैसा? डेविल से तो हमको डेविल का बाप ही बचा सकता है।
सही कहा! डेविल का बाप आ गया है। सुपर कमांडो ध्रुव।
अब हम बच जाएंगे। क्योंकि इस देवता या शैतान को अगर कोई रोक सकता है तो सिर्फ ध्रुव। पर ये यहां आया कैसे?
मेरा अपनी दोस्त चिड़ियों को काम पर लगाना काम आ गया!
तूने ड्रूल का रास्ता रोककर अपनी मौत का रास्ता खोल दिया है, लड़के।
इरादा बाद में, ड्रूल! पहले ये बताओ कि क्या राजनगर में गड्ढे तुमने खोदे थे?
...जो रहस्यमय तरीके से गायब भी हो गए।

.. तो मैं उस व्यवधान को उड़ा देता हूं।
SORRY DOOL! मैं इतनी आसानी से नहीं उड़ूंगा। मेरे जूतों में हाई पॉवर मैग्नेट हैं। जो फर्श में मौजूद लोहे के जाल को पकड़े रहेंगे।
कोई और शक्ति ढूंढकर लाओ।
मैं शक्ति ढूंढता नहीं, पैदा करता हूं।
.. और फिर हर पैदा होने वाले को, दुबारा पैदा होने का इंतजार करना पड़ता है।
आऊSSS! इतना डरावना डायलॉग!! मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि तुम्हारा हाथ ज्यादा पावर फुल है या जीभ!!
मैं कूल दिखने की कोशिश तो जरूर कर रहा हूं, पर इसकी शक्तियां खतरनाक लग रही हैं। कौन है ये?
बस! उड़ गया तू! अब तू नीचे आने के तरीके सोच, तब तक मैं अपनी चीज की तलाश करता हूं।
यानी और तोड़-फोड़!
सॉरी, डूल।
FIRE
तुम्हारे जैसे शक्ति वाले को मैं तोड़ फोड़ की इजाजत नहीं दे सकता।
वैसे अगर सच बोलोगे तो मैं तुम्हारी मदद भी कर सकता हूं।

देवता को मारा?
मसल दो इसे।
वाह! मेरा काम ये कर रहे हैं। शाबाश।
अब अगर तुम जिंदा बच भी गए तो इनसे निपटने में तुम्हें काफी वक्त लगेगा।

डोगा का नकाब तो नोंच दिया है।
अब डोगा का कातिल बनेगा...
गोल्डन हीरो
राज कॉमिक्स ... डोगा का रोमांचक ... विशेषांक

राज कॉमिक्स पेश करते हैं

तुझे जिंदा छोड़ना एक भूल होगी।
...और मेरे अभियान में भूल के लिए कोई स्थान नहीं है।
ओफ्! इसका घूंसा तो मिसाइल की तरह मेरा पीछा कर रहा है और मुझे इससे निपटने का कोई तरीका समझ में नहीं आ रहा है।
और युद्ध नीति कहती है कि अगर ऐसी स्थिति में पड़ जाओ
...तो स्थिति समझने तक मैदान छोड़ देने में ही भलाई .. ओऽऽऽऽ!

फिलहाल तो जिंदा रहने के बारे में ध्रुव को सोचना था।

आह! मैं... कुछ भी नहीं कर पा रहा हूं... ऐसे तो ये मेरी जान निकाल लेगा।..

आSSSSSSह!
मेरा ख्याल सही निकला!
WELL, MR. DOOL! अगर तुम जबान खोलने का वादा करो तो मैं अभी भी तुमको. .
...बचा सकता हूं? ओफ! ये क्या हुआ?
डूल फट गया!
डायमंड भी मौके का फायदा उठाकर गायब हो गया! इतना तो स्पष्ट है कि वह ऐसी किसी चीज की डील कर रहा था, जिसकी डूल को जरूरत थी! पर डूल था कौन? वह कहां से आया था और उसकी ऐसी भयानक मौत क्यों हुई?

ध्रुव एक बार फिर गलत था।

ओफ्! मैं मरते मरते बचा!! जरूरत से ज्यादा एनर्जी भी खर्च हो गई। मुझे संभलने में काफी वक्त लगेगा।

पर वह लड़का वो कर गया जो सदियों से कोई नहीं कर पाया था।

उसने वह देखा और समझ लिया जो आज तक कोई मानव नहीं कर पाया था। उसने सच कहा था।

उसके पास एक खतरनाक हथियार है- दिमाग। पर अब वह उस हथियार का प्रयोग मेरे लिए करेगा। वर्ना...

इल ने एक योजना बना ली थी।

..मुझे ही कुछ सोचना पड़ेगा।
क्या? काली बिल्ली जैसी लड़की जंगलियों के साथ आई थी.. यानी ब्लैक कैट!!
भौं भौं भौंऽऽऽ भौं।

ब्लैक कैट का इस झमेले से क्या संबंध है? पता करना होगा! तुरंत।
KAREEM! CAPTAIN ONLINE! ब्लैक कैट के ठिकानों की लिस्ट है तुम्हारे पास?
यस कैप्टेन! पिछले सारे एड्रेस हैं। ढेर सारे! मेरे पास तो इतनी यूनिफार्म भी नहीं हैं।

हर एड्रेस के पास तैनात कैडेट को एड्रेस चेक करने के लिए भेजो। इमीजिएट! उसका पता तुरंत मिलना बहुत जरूरी है।
DONE CAPTAIN! WAIT FOR TEN MINUTES

"SORRY FOR DELAY CAPTAIN पर ब्लैक कैट अपने किसी भी ठिकाने पर नहीं है। वह इस वक्त कहां पर है यह पता कर पाना असंभव है।"

हमारा ख्याल ठीक निकला। बिल्लियों ने तुम्हे ढूंढ निकाला! चूहे बिल्ली का खेल खत्म हुआ, बिल्ली! अब क्रूशर तुझे कुत्ते बिल्ली का खेल दिखाएगा।
तो तुम अपने आपको कुत्ता मान चुके हो!! गुर्र! म्याऊ शूSSS!
शूSSS नहीं, शूट! SHOOT HER.

मुझे इस रत्न को बचाना होगा।
बिल्ली खत्म।
खेल खत्म।
WHAT THE...? घाव भर गया। सारे घाव।
हा! पर सिर्फ मेरे।
इसकी कोई गारंटी नहीं है..
...मिस्टर, कि तुम्हारे घाव भी भर जाएंगे।
25

कुछ अद्भुत हुआ था।
ब्लैक कैट के पंजे पहले कभी न तो इतने धारदार थे।
और न ही इतने मजबूत कि मांस तो मांस, हड्डियों को भी काट दें।
बॉस वस्कौ। अह। हम फेल हो गए।
. हमारी गोलियां फेल हो . गईं अह।
. हमारे आदमियों में . कोई उसे उंगली तक नहीं लगा पाया।
"उसके घाव अपने आप भर गए।"
"मुझे तो...हिक...ऐसा लगता है, बॉस..."
"...कि वह सुपर कैट बन चुकी है। अह।"
26

छिच्च! कड़ड़ड़!...कट!
मर गया।
तो फिर यह पक्खा हो गया कि वह रत्न खा खमाल है। हम खो सुपर पॉवर देने वाला वह रत्न चाहिए ही चाहिए। खिसी भी खीमत पर।

कीमत की कीमत तभी समझ में आती है जब उसे चुकाना पड़ता है।
अरे! अरे, मेरा पर्स! पकड़ो उसे!!
पकड़ तो मैं लेता बैनजी, पर दमा हो रखा है। के करूं? पर आप फिक्कर न करो जी! हमें बिना बताए जो चोरी करे, वो हमसे कभी न बचे है!!

अरे! मोटी तोंद वाला मामू अंटे को क्या पकड़ेगा! ये तो हमारी अक्लमंदी गोरमिंट है...
...वर्ना अपुन को तो ओलिंपिक में भेजने को मंगता है।
ऐं! ऐं! ये पार कैसे निकल गया?

अरे! रुक, रुक!
लो! शुरू हो गई पकड़म पकड़ाई! इन शैतानों से बचना तो...
...असंभव है?
आऊऽऽऽ!

बाई गॉड की कसम! ये तो अपुन के आर पार हो गया! और ये अपुन को क्या हो रहा है?

इस पर्स में ज़रूर अलादीन भाई का चिराग रखेला है। फिलहाल तो उड़ी हो ले, अंटे।

मुझे इसका पीछा नहीं छोड़ना है।

पर मामला रहस्यमय है। हेडक्वार्टर को रिपोर्ट करनी होगी।

कमांडो हेडक्वार्टर के साथ साथ...

यह सिर घुमा देने वाली घटना पुलिस के पास भी पहुचने वाली थी।

हां, सर जी! उसके कपड़े खड़े खड़े बदल गए, सर जी।..

हां, जी..! नहीं! सर जी, मैं पिए नहीं हूं।...इस औरत के पर्स में ज़रूर कुछ था!... थाणे ले आऊं इसने? . ठीक है सर जी! जयहिंद, सर जी।

ब्लैक कैट की तो फिलहाल खबर नहीं लगी, पर ये लेटेस्ट रिपोर्ट आई है। सरंग टावर के पेंट हाऊस से, बुरी तरह से घायल अवस्था में चार आदमी मिले हैं दो रशियन हैं और दो डायमंड के आदमी हैं। और साथ में एक मरी हुई बिल्ली भी है।

ब्लैक कैट।

हो सकता है! पर अगर ऐसा है तो ब्लैक कैट में सुपर पॉवर आ गई है। घायलों की हड्डियां तक अंदर से कटी मिली हैं और उसके लिए जो फोर्स और धार चाहिए, वह सुपर पॉवर से ही आ सकती है।

चीफ! चीफ!! खान मॉर्किट में तैनात कैडेट 2031 का इमर्जेंसी मैसेज आया है।
रेड लेवल का।
कैसी इमर्जैंसी?
कैंडैट जो बनाया गया।
वह अविश्वसनीय था
WHAT? 2031 की आंखें पिछली बार कब चेक हुई थीं?
सुपर पॉवर! तुमने ही अभी सुपर पॉवर का जिक्र किया था न, करीम! कैडेट 2031 की आंखें एकदम ठीक हैं! मुझे उससे तुरत कनेक्ट करो!
YES CADET! मुझे लेटेस्ट अपडेट दो।
CAPTAIN! WOW! YES CAPTAIN वह अभी अभी एक बैंक में घुसा है। वह उसका मेन टार्गेट लगता है। शायद वह पहले अपनी पॉवर्स टेस्ट कर रहा था।
उसे गार्ड्स ने रोका नहीं?
उन्हें मौका ही नहीं मिला, कैप्टेन।
वह दीवार में घुसकर अंदर गया है और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया है।
कहां पर है बैंक?
फाल्के रोड पर। इंडिया बैंक।
O.K.! नजर बनाए रखो। मैं अभी पहुंचता हूं। ओवर
ऐ भाई! यह क्या हो रहा है?
ध्रुव!! आओ, तुम भी इसे दो चपत लगा लो।
हमने बस में एक पॉकेटमार पकड़ा था। उतर कर भाग रहा था, तेजू खां।

क्योंकि उस उड़ती आकृति से ज्यादा देर तक लटके रह पाना संभव नहीं था।

हे भगवान! एक और सुपरपॉवर युक्त शख्स! यह भी देखते ही देखते इस रूप में बदल गया!

यानी कैडेट 2031 एकदम सच कह रहा है। पर राजनगर में इन सुपर कैरेक्टर्स की बाढ़ कहां से आ रही है?

हे देवा! मेरा बनियान किधर गया? क्या हो गया मेरे को रे?

लेकिन वह चमत्कार उसके दिल से ध्रुव का डर नहीं निकाल पाया था।
आऊ!
उम्म्फ!
अरे! मैं तो चार दीवारें तोड़ दिया! फिर ये ध्रुव किस खेत की मूली है रे बाबा!! पता नहीं मैं सुबह कुछ क्या खाया था? पर जब तक उसका असर है....
ध्रुव!! तुम ठीक तो हो ना!! पानी दूं?
तब तक मैं ध्रुव को कच्चा चबा जाऊंगा! मूली की तरह! खच खच-खच!!
कैप्टेन! कैप्टेन, वह बाहर आ रहा है! अब मैं क्या करूं?
आह!
ध्रुव! उठो, ध्रुव! या मैं डॉक्टर को बुलाऊं?
ओफ्! इतना तेज वार मैंने पहले कभी नहीं खाया! वह...वह कहां गया?
कैप्टेन! आप सुन रहे हैं?

वह जरूर गॉरमेंट मिंट की तरफ गया होगा जहां सिक्के ढलते हैं और नोट भी छपते हैं।
कैप्टेन! कोई जवाब तो दो!!
अ. सॉरी कैडेट 2031! बताओ क्या हो रहा है?
पता नहीं। कह रहा था कि अब गौरमिंट की जेब काटूंगा। जहां से मुझे बेहिसाब नोट और सिक्के मिलेंगे।
मैं समझ गया।
वह बैंक को लूट कर बाहर आ गया है कैप्टेन! गार्ड्स की गोलियां उसके आर-पार जा रही हैं।
ध्यान से देखो कैडेट। ऐसी कोई चीज तो होगी। जो उसके आर-पार नहीं जा रही हो।
नहीं कैप्टन! गोलियों का धुआं तक उसके आर-पार जा रहा है। मैं कैसे रोकूं इसे?
धुआ! यस! वह चाहे किसी भी रूप में हो, सांस तो लेगा ही लेगा! तुम आस-पास देखो! क्या कोई ऐसी चीज है जिसका धुआ करके तुम उसको रोक सको?
अ...अ...हां। कैप्टेन! दिख गई!!
MINT
क्या हुआ है यहां?
धुआ! अंदर कोई भीम घुस आया है। वह मिंट को लूट रहा है और हमारी सिक्योरिटी उसे रोक नहीं पा रही है।
रुकना तो इसे पड़ेगा....

"मेरे सामने कोई मेरे देश की अस्मिता को चुनौती नहीं दे सकता।"
हा हा! मजा आ गया, बाबा। इतना बड़ा जेब तो मैं पहले कभी नहीं मारा। वो भी गौरमिंट का मिंट में।
सर, ले जाने दीजिए न सिक्के। दस हजार के भी नहीं होंगे।
ये सिक्के नहीं ले जा रहा है, सोलजर। ये हमारी सुरक्षा के मुंह पर तमाचा मार रहा है। हमको इसे रोकना ही होगा।
अब सुपर कुंटा को कोई रोकने को नहीं सकता, बाबा!
सही कहा, कुंटा!
COINS
COINS
COINS
SEAL-G

तुमको जेल जाने से कोई रोक नहीं सकता।
तू..तू माना नहीं रे, ध्रुव! पिटने कू वास्ते फिर से आ गया।
चल! इस बार मैं तेरे को छाप ही देता है।
फूऽऽऽऽऽहहहह
ये सिक्के तुम्हारी बॉडी की एक एक हड्डियां तोड़ डालेंगे, बाबा।
आह! आऊऽऽऽ!
आऊऽऽ!
इस ड्रम में क्या है?
सीलिंग ग्लू है। इसको फर्नेस की मरम्मत के लिए यूज करते हैं क्योंकि ये हाई टेंपरेचर को सह सकता है।
कैप्टन! कैप्टन! आपका ख्याल सही था।

कैसा ख्याल, कैडेट?
यहां पास की एक दुकान से लालमिर्च का बोरा मिल गया।
मैंने उसमें आग लगा दी है। अब वह भागना छोड़ कर छींक रहा है।
गुड, कैडेट। अब इससे पहले कि वह संभल पाए, हम उसको पकड़ने का रास्ता ढूंढ लेंगे। मुझे इंफार्म करते रहना। ओवर एंड आऊट।
लाल मिर्च
हाई! जिन पर गोलियां असर नहीं करतीं उन को तू ड्रम मारेगा?
इसका तो मैं पाऊडर. .ऊSSSSS हियां! ये क्या हैई रे, बाबा?
ये तो बड़ा चिपकू है रे।
मेरी तरह! अब तेरे सिर की बारी है।
फूऊऊऊSSS
आऊ! ये ग्लू मुझे भी चपेट में ले सकता था। अब इसका प्रयोग खतरनाक है। कोई और तरीका सोचना पड़ेगा।
CLUE

"और वह भी जल्दी!"
आछी! आSSSSछी!
ताल, मिर्च
अब... इसे पकड़ें कैसे?
GOOD IDEA COMMANDO! अब बस ये बेहोश होने ही वाला है।
अरे! ये ये क्या कर रहा है? कार में घुस रहा है।
ये तो बड़ा चालाक निकला! बंद शीशों के अंदर धुंआ नहीं घुस सकता! पर ये घुस सकता है।
आछी! आSSSSछी!
इसके छूने से बोरे भी आर पार वाले बन गए हैं।
कैप्टेन! वह कार में बैठकर भाग रहा है! अब क्या करूं?
अ . पीछा करो कैडेट! उसको नजरों से ओझल मत होने देना।
A...O.K. CAPTAIN! पर... आप कब आ रहे हैं?
जल्दी पहुंचता हूं! कुछ और काम आ पड़ा है! OVER & ALL!
ओफ्! ये चिपचिपा! मैं इसको...
...जला डालेगा!!
ये जानता नहीं है कि ये ग्लू जैसे-जैसे गर्म होगा वैसे-वैसे और कठोर होता जाएगा!
एक दो सेकेंड में जान जाएगा!
अरे! ये तो . . ईईईईई कड़ा हो गया, रे बाबा!

अब मैं तेरे कू नई छोड़ेगा!! भस्म कर डालेंगा!
ओफ्! ओफ्! मैं ज्यादा देर तक नहीं बच पाऊंगा! कुछ करना पड़ेगा!'
ये चमकते नए सिक्के! ये शायद कुछ कर सकें!
जैसे हीट बीम को रिफ्लेक्ट करना!
आईऽऽऽ! ये आगां तो मेरे कूं भी जलाती है! ई! आऊफ, पन मामूली सा!
मुझे इसको वश में करने का रास्ता भी मिल गया है!
FIRE

आऊSSS! जलता है रे!
घबराओ मत! तुम्हारी शक्तियो के कारण ये हीट तुमको जलाएगी नहीं। बस सेकेगी!
लेकिन मैं तुमको उतनी भी तकलीफ होने से पहले...
...ठंडा कर दूंगा!
मैं हिल क्यों नहीं पा रहा है?
क्योंकि यह मेटल अब ठोस हो गई है और मुझे यकीन है कि अपनी सुपर ताकत के बावजूद भी तुम मेटल की इतनी मोटी स्लैब को तोड़ नहीं पाओगे।
जिस देश की प्रतिष्ठा के रखवाले तुम जैसे हों, उस पर तो साक्षात शैतान भी बुरी नजर डालने की हिम्मत नहीं करेगा, ध्रुव! आज तुमने हमारी और देश की इज्जत बचा ली।
मैंने तो सिर्फ एक मामूली जेबकतरे को पकड़ा है।
कैप्टेन! कैप्टेन! आप कितनी देर मे आ रहे हैं! हफ्!

यस कैडेट मैं आ रहा हूं। तुम कहां पर हो?
प्रतापगंज रोड पर।
अब मैं... ..और भाग नहीं सकता... कैप्टेन।
कमांडो फोर्स वाला अपने कैडेट को क्या खिलाता है जो ये दो किलो मीटर से भागता हुआ आ रहा है। अब मैं....
अ.. अरे।
अ.. अरे।
कोई बात नहीं अब मुझे बस गाड़ी में से नोट उठाकर चुपचाप फूट लेना है।
अरे, नहीं। नहींSSSS। ये एक्सीडेंट मैंने क्यों कर डाला?
सत्यानाश। सारी मेहनत बर्बाद हो गयी। पर कोई बांत नहीं ..

अपुन दूसरा बैंक लूट लेगा! और इस बार अपुन बड़ा बैंक चुनेगा! अरे! अपुन के पास जो पॉवर है.. उसके रहते..

..अपुन को कोई टच नहीं कर सकता.. ..हांई!

धुव!!

तू.. तू कुछ भी कर ले...

कमांडो, पेड़ो की सूखी टहनियां इस आग के घेरे में डालते रहो! ये अग्नि घेरा बना रहना चाहिए।
आग कभी तो बुझेगी, ध्रुव! तब अपुन आज़ाद हो जाएगा। अपुन को तुम्हारा हथकड़ी, लॉकअप, जेल कुछ भी बंद नहीं रख सकता।
उसके लिए होश में रहना पड़ेगा। ये धुंआ, ऑक्सीजन की कमी और गर्मी तुमको ज्यादा देर तक होश में नहीं रहने देगी।
इंस्पेक्टर, इसको जिस लॉकअप में रखो उसकी दीवारों में करेंट जरूर दौड़ा दें।
ऐसा ही करूंगा। वर्ना ये हमें दौड़ा देगा।
POLICE
और हां, वो जो तुमने मिंट में सुपर पॉकेटमार पकड़ा था उसके लिए 500 टन वाली क्रेन मंगवानी पड़ी तब कहीं जाकर उसको ऊपर उठाया जा सका।
पर ..पर तुम क्यों ऊपर उड़ रहे हो? क्या तुममें भी उड़ने वाली पॉवर आ गई है।
मुझे अपने अंदर किसी नई शक्ति का आभास नहीं हो रहा है। यानि इसका कारण कुछ और है।
तुम एक बार फिर सही हो..

...मिस्टर ध्रुव!
ओह! तो ये तुम कर रहे हो!
तुम बुद्धिमान हो ध्रुव! और इस कारण तुम अब तक ये भी समझ गए होगे, कि उस चेन चोर और पॉकेटमार को ये शक्तियां मैंने ही दी थीं!
पहले शक था, पर अब निश्चित हो गया है! बस मैं ये अभी तक नहीं समझ पाया कि ऐसा करके तुम क्या पाना चाहते हो? क्या चाहिए तुमको?
यही बताने के लिए मैंने तुमको यहां बुलाया है, ध्रुव! मैं एक परग्रही हूं! एलियन! इतना तो तुम समझ ही गए होगे! मैं इसी सौरमंडल के तेरहवें ग्रह से आया हूं! अभी तक तुम लोगों को उसका पता नहीं है! परंतु पृथ्वी पर ये हमारा पहला आगमन नहीं है! पृथ्वी पर हम पिछले बीस हजार सालों से आते-जाते रहे हैं!
दरअसल हमारी सभ्यता बहुत उन्नत है। और हर उन्नत सभ्यता की तरह हमको भी धातुओं और तत्वों की हमेशा आवश्यकता रहती है। हमने सौरमंडल के कई ग्रहों और चंद्रमाओं की यात्राएं कीं, पर सबसे बड़ा खजाना हमको पृथ्वी पर मिला। परन्तु एक समस्या भी पैदा हो गई। विकट समस्या।
पृथ्वी की भूमि ऊर्जा, हमारी ऊर्जा के विपरीत थी। हम भूमि की किसी भी वस्तु को सीधे स्पर्श नहीं कर सकते थे। फिर हम खनन कैसे करते?
इस समस्या को दूर करने के लिए हमने 'पॉवर क्रिस्टल' यंत्र बनाया। यह यंत्र हमारे ग्रह पर पाए जाने वाले एक खास क्रिस्टल की ऊर्जा से चलता था और हम इसकी ऊर्जा का संपर्क किसी भी जीवित प्राणी के इंद्रियों में जोड़कर उसको मनचाही पराशक्ति दे सकते थे।
पराशक्ति.. यानी सुपरपॉवर्स!

सही समझे! हमने उस पॉवर क्रिस्टल को पृथ्वी पर छ: जगहों पर स्थापित कर उनका संपर्क उस वक्त पृथ्वी पर विचरने वाले मानवों से जोड़ दिया था।
क्योंकि उस वक्त पृथ्वी पर वे ही ऐसी बुद्धिमान प्रजाति थे, जो हमारे निर्देशों को समझ सकते।
मानवों ने हमारे लिए कई शताब्दियों तक खनन किया। हम उनके भगवान बन गए थे। कई स्थानों पर मानव हमें देवता की तरह पूजने लगे थे।
हमने मानवों को पिरामिड बनाने जैसी असंभव शक्ति और बुद्धि दी। हमारी दी हुई शक्ति ने मानवों के बीच कई महान योद्धाओं को जन्म दिया।
जैसे ये आदिवासी जो अब तक तुम्हारी पूजा करते हैं।
पृथ्वी से अपने मतलब की धातुएं ले जाने के बाद, जब हमारा काम समाप्त हो गया तो हम सभी क्रिस्टल्स को भी अपने साथ लेने गए। परन्तु हम एक क्रिस्टल को नजर अंदाज कर गए जो हमने लगभग पंद्रह हजार वर्ष पहले इसी स्थान के आसपास स्थापित किया था।
अब, जब मैं उसे लेने आया हूं तो उसका कहीं पता नहीं है! है तो वह यहीं कहीं आसपास पर फिर भी वह मिल नहीं रहा है। और मेरा उसको लेकर जाना अत्यंत आवश्यक है। वह भी अगले बारह घंटों के अंदर-अंदर।
समझ गया! अगर ऐसा है तो यंत्र को ढूंढो, ले जाओ और हमारा पीछा छोड़ो।
यही मुख्य समस्या है। मैं उस यंत्र से संपर्क बना सकता हूं। उसका संपर्क दूसरे मानवों के मस्तिष्कों से जोड़कर उनको अद्भुत शक्तियां दे सकता हूं। पर उसके आस पास पहुंचकर भी यंत्र का पता नहीं कर पा रहा हूं।
मैं अभी तक यह नहीं समझ पा रहा हूं कि तुम ये सब मुझे क्यों बता रहे हो।
क्योंकि मैं चाहता हूं, कि अब मेरे लिए तुम उसे ढूंढो। तुमने मुझे और दो अन्य सुपर पॉवर वाले चोरों को मात देकर यह साबित कर दिया है कि तुम में दिमाग है। जो काम मैं नहीं कर पाया, अब उसे तुम करोगे।

अच्छी जबरदस्ती है। और अगर मैं ऐसा न करूं तो?
तो मुझे विवश होकर अगले दो सौ सालों तक पृथ्वी पर ही रुकना पड़ेगा। और जब तक मैं रहूंगा, तब तक ऐसे ही सुपर विलेन पैदा करता रहूंगा। शुरुआत मैंने मामूली चोरों से की है पर इसका अंत माफिया डॉन और आतंकवादियों पर हो सकता है।
फैसला तुमको करना है और वह भी कुछ ही घंटों के अंदर! ध्यान रखना मेरी नजर तुम पर है।
अरे! पर . सुनो तो . . !
चला गया.... आऊऽऽऽ! और साथ में अपनी शक्तियां भी ले गया!
पर मुझे इसका काम करना ही पड़ेगा। वर्ना अगर ऐसे सुपर चोर पैदा होते रहे तो . नहीं! ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।
ध्रुव उस क्रिस्टल को ढूंढने का निश्चय कर चुका था।
लेकिन उससे पहले कोई और यह निश्चय कर चुका था।
ब्लैक कैट सतर्क हो गई है। अब तो बिल्लियों के जरिए भी उसको ढूंढना असंभव है। फिर हम उस तक पहुंचेंगे कैसे?
टुमारा पास ऐसा खोई आडमी नहीं हैं जो उस गर्ल खो ढूंढ सखटा है? टुम टो खहटा है खि टुमारा नेटवर्क पूरा वर्ल्ड में फैला है।
हुआ एक आदमी है जो ब्लैक कैट को ढूंढ सकता है। सकता क्या है, ढूंढ लेगा। हमें बस उसके पीछे लगना होगा।
खौन हाय वो सूपरमैन?

"सुपर कमांडो ध्रुव! उसको ढूंढना कोई मुश्किल काम नहीं है।"
"और उसके लिए ब्लैक कैट को ढूंढना कोई मुश्किल काम नहीं है।"
आह! बहुत सालों के बाद शरीर में इतनी ऊर्जा और स्फूर्ति महसूस हो रही है और सालों बाद फिर से कोई बड़ा हाथ मारने का मन भी कर रहा है।
जरूर मैंने चोरी हृदय परिवर्तन के कारण नहीं बल्कि कमजोरी के कारण छोड़ी होगी! कोई बड़ी चोरी करनी होगी। महा चोरी। ताकि 'ब्लैक कैट की वापसी' का हल्ला मच जाए।
अरे! ये कुत्ते कहां से.. ?
तुम चोर नहीं हो..
ब्लैक कैट! अगर ऐसा होता तो तुम इस रत्न के साथ-साथ वहां ट्रक में रखे सौ करोड़ यूं छोड़ कर न आ जातीं।
ध्रुव! तुमने मुझे कैसे ढूंढ निकाला?
बिल्लियां तुमको ढूंढ नहीं पा रही थीं। इसका कारण एक ही हो सकता था। कि तुमने अपने ऊपर 'कैट रिपेलेंट स्प्रे' का प्रयोग किया है।
यही सोचकर मैंने अपने दोस्तों को 'कैट रिपेलेंट' सुंघाया और उन्होंने तुमको ढूंढ निकाला।
मेरे पीछे क्यों पड़े हो? कहीं कोई प्यार-व्यार का चक्कर तो नहीं है।
ये डिपार्टमेंट मैंने तुम्हारे जिम्मे छोड़ रखा है। वैसे फिलहाल तो तुमको रत्नों से ज्यादा प्यार हो रहा है।
जरूरत और प्यार में फर्क होता है।
फिलहाल तो मुझे इस रत्न की ज्यादा जरूरत है।
इस रत्न की मुझसे ज्यादा जरूरत और किसी को नहीं है! अब ये मेरी जिंदगी है। और जो मेरी जिंदगी को मुझसे जुदा करने की कोशिश करेगा, उसकी गर्दन मैं धड़ से जुदा कर दूंगी।
अब ये रत्न सिर्फ तुम्हारी ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की जिंदगियों से जुड़ गया है, ब्लैक कैट।
ये एक रत्न नहीं, बल्कि एक इलैक्ट्रोनिक गैजेट है। ये जिसका है, उस तक इसको अगर तुरंत न पहुंचाया गया तो प्रलय आ जाएगी! यूं समझो कि दुनिया खत्म हो जाएगी।
मैं मरूं या दुनिया मरे! मेरे लिए तो एक ही बात है।

देखा! ध्रुव हमको रत्न तक ले आया। अब बिल्ली बिलोटा लड़ेंगे और फायदा बंदर उठाएगा।
तुम 'बंदर' खिसखो बोलटा है?
अरे, कहावत है। इडीयट!
इडियट बोला?
चुप रहो।
तुमने मेरे लिए कोई विकल्प नहीं छोड़ा है ब्लैक कैट! रत्न तो मुझे चाहिए ही चाहिए! मर्ज़ी से या बगैर मर्ज़ी के।

यह जिस चीज को अपनी शक्ति समझ रही है, वह इसको राक्षस बना रही है। और जब इसके शरीर की इसको सहने की क्षमता भी खत्म हो जाएगी तो अंत एक दर्दनाक मौत होगी। अरे! इस पर तो कोई असर. .
...नहीं हुआ। आSSSSह। ये तो श्वेता की रिंगटोन है।
OH WOW! LOOK AT THAT! A COSTUMED FIGHT!
WHAT THE HELL! बंद करो! ये फ्लैश!
I THINK THIS IS A SHOW! हम टूरिस्ट्स को अट्रैक्ट करना का वास्ते।
CLICK THEM
गुड! म्यूटेंट बनने से इसकी आंखें 'लाइट सेंसिटिव' हो गई हैं। ज्यादा तेज प्रकाश सह नहीं सकती।
EXCUSE ME SIR!
HEY! THAT'S MY CAMERA!
अब मेरा है। आप सेकेंड हैंड कैमरे के दाम सोच कर रखें।
अब ये रत्न मेरे पास है, ब्लैक कैट! अब तुम जल्दी से ठीक हो जाओगी।
रत्न तुम्हारे पास है। तो मैं ठीक कैसे होऊंगी?

. क्योंकि टीक करने की शक्ति तो रत्न में है।
इसको मैं अपने से इतना दूर होने ही नहीं दूंगी कि इसकी किरणें मुझ तक पहुंच न पाएं।

ओफ! अब तो ये किरणें मुझ पर भी असर कर रही हैं। और इस पर भी। जल्दी ही कुछ न किया तो ये टूरिस्ट्स एक नहीं बल्कि दो म्यूटेंट्स की लड़ाई देखेंगे।
पर इन किरणों का निकलना बंद तो होगा नहीं।
आSS हा! अब तो वो अंग्रेज जो दाम मांगेगा देना पड़ेगा।
अब तो कैमरा वापस करने की धमकी भी काम नहीं आएगी। पर ये...यस!
वापस क्यों करना? इस वक्त तो यह कैमरा लाखों का है।
आ! आऊSSS! ये तो.. लगा!
लगेगा ही! किरणें तुम तक पहुंचनी बंद जो हो गई हैं।
कैसे? इन चमत्कारी किरणों को भला तुम कैसे रोक सकते हो?
क्योंकि ये चमत्कारी दैवीय किरणें मामूली रेडियोएक्टिव रेज हैं। और कैमरे के अंदर लगी लेड लाइनिंग की फ्वाइल ने उनका निकलना रोक दिया है।
रेडियोएक्टिव रेज, लेड को पार नहीं कर सकतीं।
सच में! मेरे...मेरे नाखून अब निकल नहीं रहे हैं।
तुम्हारी सुंदरता भी नार्मल हो रही है। अब तुम दुबारा मुझसे फ्लर्ट कर सकती हो।
आऊSSS! बस, बस! वर्ना दांत टूटी लड़की से फ्लर्ट करवाना तुमको पसंद नहीं आएगा।

यार खिसकोवस्की, मुझे पॉवर तो चाहिए, पर शक्ल को राक्षस जैसी करवाना ... ऊंहूंSS!
RIGHT! हम तो वन मिलियन डॉलर फेशियल पर खर्चते हैं!
तो रहने दे स्टोन को! चल वापस!
NO! NO! IT'S ALL RIGHT. THAT WAS A TREMENDOUS SHOW
चलो, इसके कैमरे ने दुनिया बचा ली।
नहीं, ब्लैक कैट! यह रत्न वह नहीं है। जिसकी मुझे तलाश है!
यह तुम कैसे कह सकते हो?
क्योंकि इस रत्न में कोई सर्किट नजर नहीं आ रहा है। और ये रेडियोएक्टिव भी है। टुल ने रत्न के रेडियोएक्टिव होने की बात तो नहीं कही थी। वैसे भी, यह तुमको कोई पॉवर नहीं दे रहा था। बीमारी दे रहा था।
यानि यह रत्न वह वाला नहीं है फिर वह रत्न है कहां?
ध्रुव ढूंढेगा! फॉलो करता रहो।
अब मैं ... लो, श्वेता का फोन फिर आ गया। जरूर कोई इमर्जेंसी है।
हां, बोल, श्वेता!
तो...तो...मैं बात नहीं कर रही!
तू बात भी कर रही है।
वह भी कर रही हूं? ओह! तुम फोन क्यों नहीं उठा रहे थे?
इस बार मैं फोन नहीं उठा रही।
पर तूने तो उठा लिया है।
मैं ब्लैक कैट से लड़ रहा था। बीच में तेरा फोन आ गया!

लड़ रहे थे!! वो वाली लड़ाई या वो वाली लड़ाई? डिस्टर्ब हो गए?
तू मुंह तो बंद रख सकती नहीं, अपना दिमाग बंद रख और बता, क्या न्यूज़ है?
भईया, CONGRATULATE ME. मेरी रिसर्च इंटरचेंजिंग लैंड एंड ओशन को युनिवर्सिटी का 'फाउंडर प्राइज़' मिला है। GREATEST HONOR!
उन्होंने घबरा कर दे दिया होगा। भला कौन बेचारा बहरा होना चाहेगा।
यानी मैं.. ओंपू हूं!
तू ही बता रही है। मैंने तो ऐसा कभी सोचा ही नहीं।
य...य...भईया... भगवान करे तुम्हारा पाला किसी शार्क से पड़ जाए।
मैं तो स्टार लाइन से उड़ रहा हूं! अब हवा में शार्क कहां से आ गई?
यही तो! यही तो!! यही रिसर्च है मेरी।
मैंने सिद्ध किया है कि अरब सागर की खाड़ी का गुजरात, कच्छ और महाराष्ट्र के तटीय इलाके आज से बीस हजार साल पहले समुद्र थे। यानि पानी में डूब चुके थे। और ऐसा लगभग तीन हजार साल तक रहा था। ऐसा ही दुनिया के कई और क्षेत्रों में भी हुआ था। लैंड पर 'सी फॉसिल' मिलने का यही कारण है।
यानी, अभी जहां राजनगर है, वहां पहले समुद्र था!!
सिर्फ तीन हजार साल तक! उसके पहले और बाद में ज्वालामुखी गतिविधियां हुईं और ज़मीन फिर ऊंची हो गई।

समझा! थैंक्स श्वेता, थैंक्स! तूने तो दुनिया को बचा लिया।
मैंने? पर... पर कैसे?

काट दिया!! फिर से!! गर्रर्रर्रर्रर्र!!
"CALL ENDED"

श्वेता भी एक यूनीक पीस है। न तो इसके रहते कोई काम पूरा हो सकता है और न ही इसके बगैर। THAT'S MY SISTER.

ये तो घूम फिर कर फिर हमारे अड्डे पर आ गया।

दुनिया राउंड है। बट, ये करेगा क्या?

यो ड्यूटी पर तैनात पुलिसवाला भी गायब है। हद है कामचोरी की।

डूल!! डूल कहां हो तुम? आ जाओ। मैंने तुम्हारा रत्न ढूंढ लिया है।

यहां पर? यहां पर मैं चेक कर चुका हूं। पॉवर स्टोन यहां पर नहीं है।

तुम्हारी शक्तियां शायद पानी के अंदर काम नहीं करतीं।

करती हैं। पर मामूली सी। लेकिन ये तुमने कैसे जाना?

क्योंकि तुम्हारा रत्न इस शार्क के पेट के अंदर है।

क्या? तुमने इसका स्कैन किया है?

जरूरत नहीं है। तुम्हारा रत्न वहीं है।

मैं चेक करता हूं।

ज़ाहिर था कि उस वक्त यह स्टोन समुद्र में पहुंच गया होगा और समुद्र से संबंधित सिर्फ एक जीव यहां पर है। शार्क।
जरूर ये स्टोन सबसे पहले किसी मछली ने कीड़ा समझकर निगला होगा और फिर सदियों तक रत्न को पेट में रखने वाली हर मछली दूसरी मछली के पेट में पहुंचती रही और हजारों वर्षों बाद ये सिलसिला इस शार्क तक आकर खत्म हुआ।
यह भी कुदरत का करिश्मा ही है। कि शार्क भी वहीं आकर रुकी जहां पर कभी पॉवर स्टोन दबा हुआ था।
पर कुदरत का करिश्मा यह है कि ये शार्क मेरी है।
और कुदरत के कानून के अनुसार इसके पेट में पड़ी हर चीज़ भी मेरी है।
न न न! इस पिंजरे को छूने की कोशिश न करना। ध्रुव! इसमें लो वोल्टेज करंट है। मरोगे नहीं पर भाग भी नहीं पाओगे।
और तुम भी मत करना, शक्ति प्रदाता भगवान डूल जी! वर्ना इस पिंजरे का संपर्क धरती से है। ऐसा झटका लगेगा कि पॉवर देना तो दूर अपनी पॉवर भी भूल जाओगे।
मेरे पास वक्त कम है। एक घंटे के बाद मेरा ग्रह एक ऐसे अन्तरिक्ष क्षेत्र में प्रवेश कर जाएगा, जहां तक मैं अपने आप नहीं जा सकता। और वहां से वह 200 वर्षों बाद बाहर आएगा।
बोलो, तुम क्या चाहते हो?

पॉवर! असीमित पॉवर! और वह भी परमानेंट! ऐसा करोगे तो तुम भी खुश और हम भी खुश!!

डूल! ऐसा मत करना! वर्ना ये उन शक्तियों से पृथ्वी पर प्रलय ढा देंगे! और इनको रोकने वाला कोई नहीं होगा!
HE IS REALLY INTELLIGENT! ये पहले से जानता है कि हम क्या करेगा! बोलो मिस्टर डूल! WHAT'S YOUR DECISION?

ठीक है! मैं तुमको पॉवर देता हूं!

नहीं, डूल! ये धोखेबाज हैं! इनका भरोसा मत करना!

मुझे खेद है! परन्तु मेरा अभियान सर्वोपरि है!

आह! पॉवर!
जैसे रगों में बिजली
दौड़ रही है!

विश्श! वाऊ!!
हमारा प्लेन खा एक्सपेंस
बच गया!!

मैंने वादा पूरा
किया! अब मुझे
आजाद करो।

अभी कहां? डील
तो परमानेंट पॉवर की
हुई थी। अपने हाथ का
पॉवर कंट्रोल हमारे
पास फेंको।

तुमको मैं
जिंदा नहीं... आ
SSSSSह!!
अब इसका
ख्याल किया जाए,
पार्टनर!
इसका दान कर
दिया जाए! हमको पापों
से मुक्ति मिलेगी!
और
भूखे को खाना
मिलेगा
पुलिस वाले सच में
निकम्मे हैं! अच्छा हुआ मैं
आ गया! वर्ना मेरी शार्क
को ये भूखा मार देते!
ओफ्! गड़बड़! इस
टैंक में शार्क से बच पाना
असंभव है! अब तो एक ही
रास्ता बचता है! रिस्क
लेना ही पड़ेगा!

इसको क्या खरीदेगा?
बेचेगा?
अमेरिकन सरकार इसके सौ-दो सौ अरब तो दे ही देगी।
हमारे पास बेटर आइडिया है। लूज चेंज क्यों सोचता है। हम अमेरिका पर कब्जा कर सकता है।
फिर अमेरिका भी हमारा। उसका मनी भी हमारा।
माफियावालों को अमेरिका जाने से पहले,
ध्रुव से वीजा लेना पड़ता है।
HE... KILLED SHARK! HOW?
मारा नहीं बेहोश किया है,
एक पॉवर मेरे पास भी है, खिसकोवस्की।
अब जब तक तुम्हारी शक्तियां मैं हटा नहीं देता। तब तक तुम इस घर से बाहर कदम नहीं रख सकते।
अगर इसको जमीन से एलर्जी है और हवा से नहीं तो ये पानी में सुरक्षित रहेगा! शायद।
पर तू सुरक्षित नहीं रहेगा! अब हम दुनिया को तोड़ने से पहले तुझको तोड़ेगे।
वह हमारा पॉवर है क्या डायमंड?
यार, ये तो हमने पूछा ही नहीं। अब तो वह बेहोश भी हो गया है।
उसकी जरूरत भी नहीं है। हमारी मसल पॉवर ही इसको मसल कर रख देगी।

आऽऽऽह!
YOU ARE RIGHT DIAMOND.
HE IS WRONG KHISKOWASKI!
अरे! अरे!! मैं तो हथियार पैदा कर सकता हूं!!
. कोई भी हथियार!! वाह!! इस शक्ति से तो मैं दुनिया का राजा बनूंगा।
ओ वाऊ! हम भी वेपन पैदा कर रहा है। और हम टो एयरफोर्स भी है। I WILL BE THE KING OF THE WORLD!
57

ऑफ्! मै ज्यादा देर तक ये खोल नहीं खोल सकता। इसके नियम बदलने होंगे।
तुम दोनों में ही दुनिया को अपना गुलाम बनाने की ताकत है। लेकिन बराबर की। अगर तुममें से किसी के पास ये पारस रत्न होता, तो इसकी अतिरिक्त शक्ति से वो दूसरे से ज्यादा शक्तिशाली हो जाता और इस दुनिया का राजा बन जाता।
तू हमेशा सटीक बोलता है। इस रत्न को मेरे पास होना चाहिए। ला, दे-दे मुझे ये रत्न।
रुक जा! रत्न को ऊपर उछाल।
मै कंफ्यूज हो गया हूं। पहले दोनों आपस में फैसला कर लो कि रत्न किसे चाहिए।
ले डिसीजन हो गया।

फैसला
खरेगा टेरा
मौत!
डूल, जल्दी करो। इनकी शक्तियां खत्म करो।
मैं इसको एक नैनो सेकेंड में डिफ्यूज कर सकता हूं।
पर इनके द्वारा एक दूसरे की पिटाई किए जाने का सीन मुझे कुछ और देर देखना है। वैसे, जो मैंने तुम्हारे साथ किया उसके लिए मुझे खेद है।
सदियों से दुनिया हमें देवता मानकर हमारी पूजा करती आई है। पर आज मैं तुमको अपना देवता मानता हूं! अपना रक्षक! तुम्हारी एक इमेज स्टोर कर लूं?

मुझे पक्का यकीन है कि थोड़े समय के बाद तुम्हारी इमेज मेरे ग्रह के हर घर में मिलेगी!
क्योंकि वे पहली बार कोई वास्तविक सुपर हीरो देखेंगे। जिसे किसी शक्ति की जरूरत ही नहीं है।
...यानि कुछ आदिवासियों ने हमला किया और तुम बेहोश हो गए। ये तो कल की बात है।
तो हम कल से बेहोश होंगे।
हमने तो किसी एलियन के आने की चर्चा सुनी है! कहीं उसने तुम दोनों का ब्रेनवाश तो नहीं कर दिया?
उसके लिए इनके पास कम से कम एक ब्रेन तो होना चाहिए। इंस्पेक्टर!
इसी वक्त कहीं और-
इसी ने रत्न की चोरी की और यही वापस कर रही है।
शायद इसने रत्न को वापस करने के लिए ही चुराया है।
पर ये तो सोचो...
बस, यार बात को ज्यादा मत खींचो। इस कहानी को कर...
समाप्त

नट्टू दल के पास है अद्भुत शक्ति! ये जिसे चाहेंगे उसे
बना देंगे किलर! क्योंकि दूसरों को वश में करने के
लिए इनको बोलना है एक शब्द...

महानगर में ठप्प हो गया है जनजीवन। पानी की जगह लोग पी रहे हैं दूसरों का खून। फैल रहा है द्वेष और पनप रहा है गृह युद्ध। कारण है ट्रांसपोर्टर स्ट्राइक!
पर स्ट्राइक का कारण क्या है?
राज रजतवर्ष
RATHI TRANSPORT
TATA
MILLS
कारण है गहरा और दांव पर है दो करोड़ जिन्दगियां। पर चिंता की क्या बात है कोई भी प्रलय आए...
नागराज है ना
By.. अनुपम
JAGDISH
GOVIND RAM
राज कॉमिक्स में नागराज का अगामी रोमांचक विशेषांक!